RNI Title-Code :- RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com
www.nagaurdaily.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...



# भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट लॉन्च

## कंपनी बोली- कैब बुक करने जितनी आसान होगी सैटेलाइट लॉन्चिंग; श्रीहरिकोटा से उड़ान भरी

**हैदराबाद।**

भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट विक्रम-एस श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह 11:30 बजे लॉन्च किया गया। सिंगल स्टेज वाले इस रॉकेट को इंडियन स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। ये एक तरह का डेमोंसट्रेशन मिशन था जिसमें तीन पेलोड को साथ ले जाया गया। रॉकेट ने 5 मिनट से भी कम के फ्लाइट टाइम में 89.5 किमी. के पीक एल्टीट्यूड को अचीव किया फिर समुद्र में स्पैल्शडाउन हुआ।

कॉमर्शियल स्पेस एक्सप्लोरेशन को प्रमोट करने वाली भारत की नोडल एजेंसी इन-स्पेस ने विक्रम-एस सबऑर्बिटल व्हीकल को लॉन्च की मंजूरी दी थी। इस मिशन का नाम प्रारंभ है। कंपनी का दावा है कि विक्रम सीरीज के रॉकेट सैटेलाइट लॉन्चिंग को कैब बुक करने जितना आसान कर देंगे। इतना ही नहीं विक्रम सीरीज के रॉकेट पेलोड सेगमेंट में सबसे कम लागत वाले रॉकेट होंगे।

### तीन पेलोड को स्पेस में भेजा गया

चेन्नई बेस्ड स्टार्टअप स्पेसकिड्ज़, आंध्र प्रदेश बेस्ड एन-स्पेसटेक और अर्मेनियन बाजूम-क्त स्पेस रिसर्च लैब के तीन पेलोड को विक्रम-एस रॉकेट के साथ भेजा गया। स्पेसकिड्ज़ का 2.5 किलो का पेलोड फन-सैट भारत, अमेरिका, सिंगापुर और इंडोनेशिया के स्टूडेंट्स ने डेवलप किया है। इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने कहा, यह भारत में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बड़ी छलांग है। रॉकेट लॉन्च करने के लिए अधिकृत होने वाली पहली भारतीय कंपनी बनने के लिए स्काईरूट को बधाई। रॉकेट ने अपने इस मिशन में 89.5 के पीक एल्टीट्यूड को अचीव किया।

### 8 मीटर लंबा और 546 किलो वजनी रॉकेट विक्रम एस

विक्रम एस केवल 8 मीटर लंबा सिंगल स्टेज स्पिन स्टेबलाइज्ड सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट है। इसका वजन 546 किलो और डायामीटर 1.24 फीट है। इसमें 4 स्पिन थ्रस्टर्स हैं। ये कलाम 80 प्रोपेल्शन सिस्टम से पावर्ड है जिसकी टेस्टिंग 15 मार्च 2022 को नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज में की गई थी। इसकी पेलोड कैपेसिटी 83 किलो को 100 किमी ऊंचाई तक ले जाने की है। पीक विलोसिटी 5 मैक (हाइपरसोनिक)। इस रॉकेट को कंपोजिट मटेरियल से बनाया गया है। 200 इंजीनियरों की टीम ने इसे रिकॉर्ड 2 साल के टाइम में तैयार किया है। फ्लाइट के दौरान स्पिन स्टेबिलिटी के लिए इसे 3डी प्रिंटेड इंजन से लैस किया गया है। स्काईरूट के बिजनेस डेवलपमेंट लीड सिरीश पल्लीकोंडा ने कहा कि मिशन का उद्देश्य कस्टमर पेलोड के साथ विक्रम- ढ्ढ के लॉन्च के लिए स्टेज तैयार करना है। विक्रम-1 रॉकेट का पहला लॉन्च 2023 की दूसरी-तिमाही में लक्षित है और स्टार्टअप के पास कस्टमर भी हैं।



### विक्रम रॉकेट के 3 वैरिएंट डेवलप कर रहा स्काईरूट

स्काईरूट विक्रम रॉकेट के तीन वैरिएंट डेवलप कर रहा है। विक्रम-प्रथम पृथ्वी की निचली कक्षा (लो इंक्लीनेशन ऑर्बिट) में 480 किलोग्राम पेलोड ले जा सकता है। ये सन सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में भी 290 द्मद्द पेलोड ले जाने में सक्षम है।

# पीएम ने किया 'नो मनी फॉर टेरर' कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में टेरर फंडिंग रोकने के लिए नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन ताज होटल में हुआ। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। 75 देशों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए एक व्यापक, सक्रिय प्रतिक्रिया की जरूरत है। अगर हम चाहते हैं कि हमारे नागरिक सुरक्षित रहें, तो हम आतंक के घर में घुसने तक का इंतजार नहीं कर सकते। इसके लिए कदम उठाने होंगे। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह अद्भुत है कि सम्मेलन भारत में हो रहा है। हमारे देश ने आतंक का सामना इसे दुनिया के गंभीरता से लेने से बहुत पहले से किया है। दशकों से अलग-अलग रूपों में आतंकवाद ने भारत को चोट पहुंचाने की कोशिश की जिसकी वजह से हमारे हजारों लोगों ने जान गवाई, लेकिन हमने आतंकवाद का बहादुरी से मुकाबला किया।

इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन एनआईए के तरफ से किया जा रहा है। एनआईए के डीजी दिनकर गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आतंकियों को टेरर फंडिंग



रोकने के लिए ये कॉन्फ्रेंस बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी और कश्मीर के आतंकियों को फंडिंग हो रही है। हमारे पास इसके सबूत हैं। एनआईए इस दिशा में काम कर रही है। इस कॉन्फ्रेंस में इस बारे में भी चर्चा होगी। बता दें कि इस कॉन्फ्रेंस को आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए एक बड़े प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं। वे उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता देते हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठन को यह नहीं सोचना चाहिए कि युद्ध की अनुपस्थिति का अर्थ शांति है। यह जरूरी है कि हम संयुक्त रूप से कट्टरवाद और उग्रवाद की समस्या का समाधान करें। कट्टरवाद का समर्थन करने वाले का किसी भी देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

## सरकार ने नए डेटा संरक्षण विधेयक का मसौदा किया जारी

**नई दिल्ली।**

संसद के निचले सदन से डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल को वापस लेने के तीन महीने बाद केंद्र सरकार अब एक नया मसौदा विधेयक लेकर आई है। रिकॉर्ड के लिए, संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान केंद्र सरकार ने विधेयक को पेश किए जाने के कई महीनों बाद लोकसभा से वापस ले लिया। केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2022 के मसौदे का लिंक पोस्ट करते हुए ट्वीट कर कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2022 के मसौदे पर आपके विचार जानने के लिए। वैष्णव ने पहले कहा था कि विधेयक वापस लिया गया क्योंकि संयुक्त संसदीय समिति ने 99 धाराओं के विधेयक में 81 संशोधनों की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि इसके ऊपर इसने 12 प्रमुख सिफारिशें कीं।

# सुप्रीम कोर्ट में 13 हजार ट्रांसफर पिटीशन पेंडिंग

## सीजेआई बोले : अब 13 बेंच रोजाना 130 केसों की सुनवाई करेंगी

**नई दिल्ली**

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को फुल कोर्ट मीटिंग में लिए गए बड़े फैसले को सबसे साझा किया। उन्होंने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट की हर बेंच रोज 10 जमानत याचिकाओं और 10 ट्रांसफर याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन के 13 हजार मामले पेंडिंग हैं।

### मास्टर ऑफ रोस्टर हैं सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश ही कोर्ट में सुनवाई के लिए आने वाले मामलों की लिस्टिंग करते हैं। इसलिए उन्हें मास्टर ऑफ रोस्टर कहा जाता है। जस्टिस चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के 50वें सीजेआई हैं। उन्होंने पूर्व सीजेआई यूयू ललित के रिटायरमेंट के बाद 9 नवंबर से चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया का पद संभाला है। उनका कार्यकाल 10 नवंबर 2024 तक होगा।



### विंटर वेकेशन से पहले सभी ट्रांसफर पिटीशन खत्म करने की स्ट्रेटेजी

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सीजेआई ने कहा कि फुट कोर्ट मीटिंग के बाद हमने फैसला किया है कि हम हर दिन 10 ट्रांसफर पिटीशन की सुनवाई करेंगे। मौजूदा वक्त में हमारे पास 13 बेंच चल रही हैं। यानी हम रोजाना 130 मामलों और हर हफ्ते करीब 650 मामलों का निपटारा करेंगे। इस तरह विंटर वेकेशन से पहले यानी 5 हफ्तों के बाद सभी ट्रांसफर पिटीशन खत्म हो जाएंगी।

### हर दिन जमानत के 10 केस भी निपटाए जाएंगे

मास्टर ऑफ रोस्टर सीजेआई ने कहा कि मैंने यह भी निर्देश दिया है कि हम जमानत के मामलों को भी प्राथमिकता देंगे। इसलिए 10 ट्रांसफर पिटीशन के बाद हर दिन 10 बेल पिटीशन भी सुनी जाएंगी। क्योंकि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला है। फिर हम नियमित काम शुरू करेंगे।

### सप्लिमेंट्री बोर्ड का लोड कम करने की कोशिश

जस्टिस चंद्रचूड़ ने बताया कि मीटिंग में मौजूद जजों ने उनसे सप्लिमेंट्री बोर्ड यानी एक्स्ट्रा वर्क लोड नहीं देने की अपील की थी। क्योंकि ये जज सुबह से 12 बजे तक लिस्टेड मामलों को निपटा रहे हैं। इसके बाद भी उनके पास 10 केस और भेजे जाते हैं। इसलिए वे पूरक बोर्ड को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

# वर्दी का रौब दिखाने वाले हेडकांस्टेबल पर कार्रवाई

## एस.पी ने निलंबित कर नागौर लाईन में भेजा

**अबूबकर बल्खी**

**लाडनूँ (नागौर डेली न्यूज).** नागौर जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने त्वरित एक्शन लेते हुए वर्दी का रौब झाड़ने वाले हेड कांस्टेबल को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई पूर्ण होने तक अपनी उपस्थिति नागौर लाईन में देने के आदेश जारी किए हैं। नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी द्वारा जारी आदेश के अनुसार हेड कांस्टेबल बाबुलाल पुलिस थाना लाडनूं के विरुद्ध गंभीर आरोप मानते हुए विभागीय जांच प्रस्तावित होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर निलंबन काल के दौरान मुख्यालय पुलिस लाइन नागौर किया गया है।

### गद्दा फैक्ट्री संचालक व पार्षद के साथ बदसलूकी करने का आरोप

जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल बाबूलाल के विरुद्ध नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी को लिखित शिकायत करते हुए बताया गया कि हेड कांस्टेबल का व्यवहार आमजन के प्रति अत्यंत



खराब है एवं बिना पारितोषिक लिए कोई कार्य नहीं करता इसी प्रकार बाईपास पर स्थित गद्दा फैक्ट्री में आकर संचालक गोपाल जांगिड़ से उसने निःशुल्क गद्दे लेने की कोशिश की जब वहां उपस्थित कर्मचारी ने पैसे मांगे तो हेड कांस्टेबल ने खाकी का रौब झाड़ते हुए धमकी दी फिर फैक्ट्री के बाहर साइड में खड़े उनके वाहन का चालान काट दिया इस बात को लेकर बीच बचाव व समझाईश के लिए आये पार्षद के साथ भी अभद्र व्यवहार व बदसलूकी की थी। जिसके चलते करीब एक दर्जन पार्षदों ने नागौर एसपी को शिकायत व वीडियो क्लिप भेज दी। मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने हेड कांस्टेबल बाबूलाल को निलंबित कर मुख्यालय नागौर लाईन कर दिया है।

# प्रदेश में इस साल 45 दिन कड़ाके की ठंड

## चूरू-चित्तौड़गढ़ में 8 डिग्री तापमान; जयपुर में तीन दिन सर्द हवा का अलर्ट

**बीकानेर।**

हिमाचल में बर्फबारी और पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने राजस्थान की आबोहवा में ठंडक घोल दी है। तापमान लगातार गिर रहा है और धूप में नरमी बढ़ती जा रही है। वहीं, मौसम विभाग भी इस साल तेज ठंड के अलग-अलग अलर्ट जारी कर रहा है। नए अलर्ट के अनुसार इस सीजन में 45 दिन सबसे तेज ठंड होगी।

साथ ही अगले महीने से पड़ने वाले कोहरे और सर्दी के पीक की भी डेट विभाग ने जारी की है। जयपुर, चूरू, चित्तौड़गढ़ सहित दस से ज्यादा जिलों में आने वाले कुछ दिनों में सर्दी का सबसे अधिक असर दिखाई देगा।

अनुमान लगाया जा रहा है कि ठंड इस बार कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। नवंबर में पिछले सात दिन यानी 10 नवंबर से 17 नवंबर का एनालिसिस करें तो चितौडगढ़ और चूरू में न्यूनतम तापमान लुढ़क कर 8 डिग्री के करीब पहुंच गया है। अब तक के नवंबर में ये दो जिले सबसे ठंडे रहे हैं।

### सर्दी का पीक अगले महीने से

ठंड का सीजन इस बार पिछले कुछ वर्षों की तुलना में लंबा हो सकता है। इसके अलावा विभाग का कहना है कि इस साल के सीजन में करीब 30 दिन घने कोहरे वाले होंगे। वहीं, ठंड का पीक 15 दिसंबर के बाद से स्टार्ट होगा और करीब 45 दिन का रहेगा। ये भी संभावना जताई जा रही है कि कड़ाके की ठंड का ये असर फरवरी के अंत तक भी जा सकता है।

### इन जिलों में तेज सर्दी का अलर्ट

राजस्थान का शेखावाटी (सीकर, झुंझुनूं, चूरू) क्षेत्र हर साल सर्दी की अधिक मार झेलने वाले एरिया में शामिल रहता है। इस साल का ट्रेंड भी कुछ ऐसा ही बताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू और सीकर में इस बार ठंड नए रिकॉर्ड बना सकती है। चूरू में करीब 44 साल पहले साल 1978 में न्यूनतम तापमान माइनस से भी एक-दो डिग्री नीचे जा चुका है। मैदान इलाका होने के कारण सर्द हवाएं यहां के तापमान को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। तेज ठंड का असर 15 दिसंबर से जनवरी के शुरुआती सप्ताह के बीच रहेगा। 10 नवंबर से 17 नवंबर तक तापमान देखें तो चूरू और चित्तौड़गढ़ का न्यूनतम तापमान सबसे कम रहा है। इस महीने की 10, 12, 13, 14 और 15 नवंबर को चित्तौड़गढ़ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। जबकि 11, 16 व 17 नवम्बर को चूरू में पारा सबसे कम रहा है।



### सामान्य से कम तापमान में अलवर अव्वल

वर्तमान में जिन जिलों में सामान्य से कम तापमान रहा है, उनमें अलवर सबसे आगे हैं। अलवर में सामान्य (न्यूनतम 14 .5 डिग्री) से 4 .8 डिग्री सेल्सियस कम तापमान रिकॉर्ड हो रहा है। यहां सर्द हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। इसके बाद चित्तौड़गढ़ में सामान्य (न्यूनतम 11 .1 डिग्री) से 3 .7 डिग्री सेल्सियस कम तापमान रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, अजमेर, वनस्थली, अलवर, जयपुर,पिलानी, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी, चूरू, गंगानगर और बीकानेर के सामान्य तापमान में करीब एक-दो डिग्री की कम रिकॉर्ड की गई है।

**जयपुर में तीन दिन सर्द हवा**-मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में प्रदेश की राजधानी जयपुर में भी तापमान में गिरावट होगी। मौसम विभाग ने 22 नवम्बर तक की भविष्यवाणी की है, जिसमें न्यूनतम तापमान 21 नवम्बर को 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है कि पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखने पर साफ है कि राजस्थान में इस बार भी कड़ाके की सर्दी पड़ने वाली है।

# सम्पादकीय

## महिला का मनोबल

भारतीय सेना के महत्त्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के मकसद से सरकार पहले ही कई सराहनीय कदम उठा चुकी है। इसके चलते महिला सैनिकों को खासकर युद्धक विमान उड़ाने का अवसर मिला और अब वे ऐसा कर पा रही हैं। इसी क्रम में बत्तीस सेवानिवृत्त अल्पावधि सेवा यानी शार्ट सर्विस कमीशन के तहत चयनित महिला अधिकारियों को पेंशन देने की सर्वोच्च न्यायालय की सिफारिश से निस्संदेह उनका मनोबल बढ़ा है। सेना में दो तरह के अधिकारियों की भर्ती होती है। एक तो वे होते हैं, जो सेवानिवृत्ति की आयु तक सेवाएं देते हैं, दूसरे वे होते हैं, जो स्वेच्छा से अल्पावधि के लिए सेना में सेवा देने के लिए जाते हैं। अल्पावधि के लिए चयन और प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया लगभग वही होती है, जो स्थायी सेवाओं के लिए चुने जाने वाले अधिकारियों की होती है। मगर उनके वेतन और भत्तों से संबंधित नियम अलग होते हैं। हालांकि अल्पावधि के अधिकारियों को स्थायी सेवाओं में बहाली का भी प्रावधान होता है, पर इसका निर्धारण संबंधित प्राधिकार करता है। अल्पावधि सेवाओं से निवृत्त हुए अधिकारियों के लिए दूसरे सरकारी महकमों की नौकरियों में कुछ आरक्षण होता है, पर जो सेना से मुक्त होने के बाद कहीं और चयनित नहीं हो पाते या जाना ही नहीं चाहते, उनके सामने नियमित आय की समस्या पैदा हो जाती है।

खासकर महिला सेनाधिकारियों के सामने यह समस्या अधिक जटिल हो जाती है, जब वे सेवामुक्त होकर कहीं और काम नहीं करतीं या कर पातीं। ऐसे में सेना से पेंशन उनके लिए बड़ा सहारा हो सकती है। इसी संबंध में अल्पावधि सेवा की बत्तीस महिला अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के सामने पेंशन और स्थायी सेवा में बहाली के लिए गुहार लगाई थी। हालांकि अदालत ने उनकी बहाली का आदेश तो नहीं दिया, पर सेना के अधिकारियों और सरकार से सिफारिश अवश्य की है कि उनकी योग्यता को ध्यान में रखते हुए पेंशन बहाल की जाए। जिस मानवीय कोण से अदालत ने सिफारिश की और वायुसेना की तारीफ की, उससे उम्मीद बनी है कि इन महिला अधिकारियों के पक्ष में सकारात्मक रुख अपनाया जाएगा। दरअसल, सेना के मामले में नागरिक अदालतें कोई फैसला देने से बचती हैं। इसलिए कि सेना की अपनी अदालत ही सैनिकों और अधिकारियों से संबंधित मामलों की सुनवाई करती है। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में प्राप्त अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए इस मामले की सुनवाई की। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस समय भारतीय सेना को योग्य अधिकारियों की बहुत जरूरत है, मगर इस आधार पर नियम के अनुसार निवृत्त हुए अधिकारियों को सेवा विस्तार नहीं दिया जा सकता। फिर भी अगर किसी अधिकारी में जज्बा है, वह योग्य भी है और अल्पावधि से स्थायी सेवा में जाना चाहता है, तो उसके प्रति कुछ लचीला रुख अपनाने में कोई हर्ज नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी बिंदु की तरफ इशारा किया है। फिर महिला अधिकारियों के मामले में मानवीय दृष्टि भी अपनाई जानी चाहिए। खासकर वायु सेना के अधिकारियों को तैयार करने में खासा वक्त और पैसा खर्च होता है। अगर अल्पावधि सेवा के लिए तैयार महिला अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया जाता है, तो इससे दोनों की बचत होगी। अगर सेवा विस्तार संभव नहीं है, तो उनके भरण-पोषण के लिए नियमानुसार पेंशन की बहाली होनी ही चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला ऐसी अल्पावधि की अन्य महिला अधिकारियों के मामले में भी नजीर साबित होगा।

# रुपए की बदलती दुनिया

**डिजिटल क्रांति रुपए-पैसे की दुनिया का चेहरा कैसे बदल रही है, इसकी एक मिसाल भारत में देखने को मिलती है। वर्ष 2016 में जब नोटबंदी की गई थी, तब अनुमान लगाया गया था कि जल्द ही लोग डिजिटल भुगतान वाले विकल्पों की ओर बढ़ेंगे। कोई शक नहीं कि बीते पांच-छह वर्षों में देश में डेबिट और क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) जैसे माध्यमों से डिजिटल भुगतान में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, यूपीआइ और क्यूआर कोड जैसे तौर-तरीकों ने सब्जी मंडी, रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों से लेकर पांच सितारा होटलों तक में भुगतान का परिदृश्य बदल दिया है। लेकिन अब एक नई क्रांति डिजिटल मुद्रा की शक्ल में होने जा रही है। भारत सरकार ने हाल में (1 नवंबर, 2022 से) देश में पहली बार रुपए को डिजिटल कर दिया। सरकार के आदेश पर रिजर्व बैंक ने थोक में डिजिटल रुपए को लेन-देन की प्रक्रिया में शामिल करने वाली परीक्षण परियोजना शुरू कर दी है। इसके संचालन का जिम्मा नौ बैंकों को सौंपा गया है। परियोजना के संतोषजनक नतीजे आने के महीने के भीतर रिजर्व बैंक खुदरा स्तर पर भी डिजिटल रुपए की परियोजना शुरू कर देगा।**

**नोटों** की छपाई और उन्हें देश के कोने-कोने में पहुंचाने यानी वितरित करने की लागत काफी ज्यादा बैठती है। यह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसमें भी नकली नोटों के शामिल होने का भारी जोखिम बना हुआ है। डिजिटल मुद्रा इन समस्याओं का अंत मानी जा सकती है। जब मुद्रा के डिजिटल स्वरूप की होती है, तो निश्चित रूप से बिटकाइन जैसी आभासी मुद्रा का उल्लेख प्रासंगिक हो जाता है। वर्ष 2009 से निजी तौर पर सृजित और संचालित की गई इस डिजिटल या कंप्यूटर से बनाई गई मुद्रा की ख्याति का नतीजा यह निकला कि आज दुनिया में दस हजार से ज्यादा आभासी मुद्राएं चलन में हैं। लेकिन इनकी सबसे अहम समस्या यह है कि इनका संचालन कोई सरकारी केंद्रीय बैंक नहीं कर रहा। इसी तरह इन मुद्राओं के बदले किसी संपत्ति का समर्थन नहीं मिलता, जैसे कि आम रुपए के बदले भारतीय रिजर्व बैंक धारक को रुपए की कीमत अदा करने का वचन देता है। चूंकि आभासी मुद्राओं से किसी संस्था या केंद्रीय बैंक की देयता नहीं जुड़ी है, इसलिए एकाध देशों को छोड़ कर उन्हें दुनिया में कहीं भी कानूनी मान्यता हासिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में अफ्रीकी देश अल सल्वाडोर ने बिटकाइन को कानूनी मुद्रा का दर्जा जरूर दिया था, लेकिन ऐसे उदाहरण गिनती के ही हैं। इन्हीं कारणों से प्राय: सभी आभासी मुद्राएं भरोसेमंद नहीं हैं।

डिजिटल रुपए को लेकर भारत सरकार की ओर से आधिकारिक बयान इस वर्ष केंद्रीय बजट 2022-23 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया था। उन्होंने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक भी जल्दी ही डिजिटल रुपया पेश करेगा। यह भारत की अपनी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी- सीबीडीसी) होगी। प्रस्तावित योजना के मुताबिक सीबीडीसी एक प्रकार का डिजिटल भुगतान तरीका है, जिसे भारतीय रुपए (राष्ट्रीय मुद्रा) के रूप में अंकित किया गया है। इस डिजिटल रुपए के धारक को भारत के केंद्रीय बैंक की तरफ से प्रत्यक्ष देयता का आश्वासन मिलेगा। इसमें भी सबसे उल्लेखनीय यह है कि मुद्रा के इस डिजिटल स्वरूप की कीमत भारतीय रिजर्व बैंक में रखे भौतिक नकद रुपए या उसके भंडार के बराबर ही होगी, जो डिजिटल रुपए के धारकों के लिए सबसे अहम आश्वासन है। इसका अर्थ यह है कि डिजिटल रुपए को भौतिक रुपए के समान संप्रभु गारंटी हासिल होगी। ऐसे में इसके मूल्य में समय-समय पर वही परिवर्तन या अंतर आएगा, जो भौतिक नकद रुपए की कीमत में आता है।

वैसे तो ई-रुपए रिजर्व बैंक द्वारा जारी मुद्रा नोटों का डिजिटल रूप ही है। यानी यह बैंक नोटों से अलग नहीं है। फर्क यदि कोई है तो यह है कि डिजिटल मुद्रा होने के कारण इसके जरिए कोई भी लेन-देन बहुत त्वरित, सस्ता और आसान होगा। साथ ही भौतिक नोटों के मुकाबले इसके मुद्रण (छपाई-ढलाई), वितरण और भंडारण की लागत बहुत कम होगी। पर ई-रुपए के ज्यादा लाभ सुविधा, पारदर्शिता और सुरक्षा के संबंध में है। जैसे एक सहूलियत यह होगी कि डिजिटल मुद्रा में लेनदेन होने से कारपोरेट दुनिया में मुद्रा संबंधी लेनदेन



के निपटान, उनकी जानकारी और उन पर नियंत्रण आसान हो जाएगा। भारत सरकार को यह पता लगाने में सहूलियत हो जाएगी कि देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में धन का प्रवाह कहां से कहां तक हुआ। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। आज बाजार में लगभग तीस लाख करोड़ रुपए की बड़ी राशि मौजूद है। लेकिन रिजर्व बैंक से लेकर सरकार और नीति-निर्धारकों तक को इसकी जानकारी नहीं है कि यह राशि लोगों के पास कब से मौजूद है और क्यों रखी हुई है। दावा है कि इससे आयकर विभाग को छिपाए जाने वाले लेनदेन का पता चल सकेगा और कर संग्रह में बढ़ोतरी होगी। बड़ी कंपनियों और कारपोरेट जगत की निगाह में ई-रुपए लेनदेन और आर्थिक निपटारे की तत्काल व्यवस्था बनाने में मदद साबित हो सकता है। कोरोना महामारी के दौर में लोगों ने एहतियात के तौर पर नकदी रखना ज्यादा बेहतर समझा, जिससे चलन में बैंक नोटों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई।

लेकिन आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि कोरोना काल में डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) जैसे माध्यमों से डिजिटल भुगतान में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में देश में क्रेडिट-डेबिट कार्ड, चेक-ड्राफ्ट और मोबाइल वालेट आदि सभी तरीके मिला कर सिर्फ बाईस फीसद भुगतान बिना नगदी वाले हो रहे थे। लेकिन बाद के पांच वर्षों में यह तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। डिजिटल भुगतान प्रणालियों पर नजर रखने वाले संगठन- एसीआइ वर्ल्डवाइड की मार्च 2021 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में सालाना 2550 करोड़ लेनदेन डिजिटल तरीकों से किए गए थे। इस मामले में भारत दुनिया के शीर्ष पर है और हमारे बाद चीन (1570 करोड़) और दक्षिण कोरिया (600 करोड़) का नंबर आता है। अमेरिका तो भारत से इस मामले में काफी पीछे यानी नौवें स्थान पर है, जहां वित्त वर्ष 2021 में ऐसे सिर्फ 120 करोड़ लेनदेन हुए थे। डिजिटल मुद्रा की कई उपयोगिताएं हैं, पर खुद भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-रुपी को अपनाने के पीछे जो तर्क गिनाए हैं, वे इसे कई मामलों में लाभप्रद ठहराते हैं। रिजर्व बैंक ने ई-रुपी को अपनाने की अहम जरूरत भौतिक मुद्रा यानी कागज के नोट व सिक्कों की छपाई, ढलाई पर प्रबंधन पर आने वाले भारी-भरकम खर्च कम करने के संदर्भ में बताई है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज आप का दिन मध्यम फलदायी हैं। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। आप शारीरिक थकान का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य संभालें, क्योंकि पेट से सम्बंधित बीमारी की आशंका बनी रहेगी। संतान के विषय में चिंतित रहेंगे।

### वृषभ
काम की भागदौड़ के बीच परिवार के लिए कम समय निकाल पाएंगे, इस कारण परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। पिता एवं पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग हैं। आप के प्रति पिता का व्यवहार भी अच्छा रहेगा।

### मिथुन
कलाकार तथा खिलाड़ियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, क्योंकि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। संतान के पीछे खर्च के योग हैं। आज का दिन आपके लिए अच्छा और लाभदायी होगा।

### कर्क
मित्र, बंधु-बांधवों एवं पड़ोसियों के साथ आप के संबंध अच्छे रहेंगे। कहीं निवेश करने का प्लान कर रहे हो, तो आज ज़रा संभलकर ही रहें। आज आपका मन चंचल होने की वजह से विचारों में जल्दी-जल्दी परिवर्तन आएगा।

### सिंह
तन-मन में ताज़गी का अभाव रहेगा। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। विरोधियों को आप परास्त कर पाएंगे। आनंद-उल्लास और भाग्यवृद्धि का दिन है। आज का दिन मध्यम फलदायी है।

### कन्या
आपके मन में ग्लानि रहेगी। जो भी काम करेंगे, उसमें आपको संतोष नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। दांयी आंख में परेशानी होने की आशंका बनी रहेगी। परिजनों के बीच मनमुटाव हो सकता है।

### तुला
आपका मानसिक व्यवहार नकारात्मक रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ने में सफलता नहीं मिलेगी। किसी भी प्रकार की अनैतिक प्रवृत्ति से आज दूर ही रहें। खर्च पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ फलदायी है।

### वृश्चिक
आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। हर काम को दृढ़ निश्चय के साथ पूरा कर पाएंगे। सरकारी कामों में या सरकार से लाभ होगा। पिता तथा बड़ों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा।

### धनु
व्यवहार में उतावलापन न दिखाएं। गुस्से की मात्रा अधिक रहेगी। पेट से संबंधी पीड़ा हो सकती है, इसलिए खान-पान में ध्यान रखें। आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक चिंता के बोझ में रहेगा।

### मकर
आज किसी के भी साथ आपके इगो का टकराव न हो इसका विशेष ध्यान रखें। कोर्ट-कचहरी में सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च होगा। मित्रों से कोई अनबन न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखें।

### कुंभ
धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। शांत मन से काम करें। क्रोध के कारण कार्य बिगड़ने की आशंका है। मानसिक चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने अधीनस्थ काम करने वालों से सावधान रहें।

### मीन
आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आपको कई तरह के लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ मिलना-जुलना और कुछ मनोहर स्थलों पर घूमने जाने की संभावना बनी रहेगी। गृहस्थ जीवन में पुत्र एवं पत्नी से सुख की प्राप्ति होगी।

## व्यापार समाचार

# 'वेब स्पेस टेलीस्कोप' ने ब्रह्मांड निर्माण के बाद की शुरुआती आकाशगंगाओं का पता लगाया

केप कैनावेरल (अमेरिका)।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के 'वेब स्पेस टेलीस्कोप' ने ऐसी चमकती एवं शुरुआती आकाशगंगाओं का पता लगाया है, जो अभी तक नजर नहीं आई थीं और इनमें से एक आकाशगंगा तो ब्रह्मांड की रचना करने वाले 'बिग बैंग' यानी महाविस्फोट के संभवत: 35 करोड़ साल बाद बनी थी। खगोलविदों ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि इन परिणामों की पुष्टि हो जाती है, तो यह नई आकाशगंगा 'हबल स्पेस टेलीस्कोप' द्वारा पहचानी गई उस सबसे दूरस्थ आकाशगंगा से भी पहले बनी होगी, जो ब्रह्मांड निर्माण के 40 करोड़ साल बाद बनी थी। हबल दूरबीन की जगह लेने के लिए वेब दूरबीन को अंतरिक्ष में पिछले साल दिसंबर में भेजा गया था। वेब दूरबीन से मिले संकेतों से पता चलता है कि सितारों के निर्माण की जो अवधि अभी तक समझी जाती थी, उनका निर्माण संभवत: उससे भी पहले शुरू हो गया था। वेब की इन नवीनतम खोजों के बारे में 'हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स' के रोहन नायडू के नेतृत्व वाले एक अंतरराष्ट्रीय दल ने एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में विस्तार से बताया है। इस लेख में असाधारण रूप से चमकीली दो आकाशगंगाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। माना जाता है कि इनमें से पहली आकाशगंगा बिग बैंग के 35 करोड़ वर्ष और दूसरी आकाशगंगा 45 करोड़ वर्ष बाद बनी।







# भंडारण महंगा होने से नवीकरणीय ऊर्जा से 24 घंटे बिजली की आपूर्ति व्यवहारिक नहीं : आरके सिंह

नई दिल्ली।

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महंगे भंडारण के कारण 24 घंटे नवीकरणीय ऊर्जा से बिजली की आपूर्ति फिलहाल व्यवहारिक नहीं है। इसीलिए आपूर्ति संबंधित न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने के लिये कोयला और गैस आधार बने हुए हैं। सिंह ने राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम पर शुक्रवार को यहां आयोजित एक सेमिनार में कहा कि कोयला और गैस आधारित ऊर्जा को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, ''बैटरी भंडारण की लागत 10 रुपये और सौर ऊर्जा की लागत 2.30 रुपये किलो वॉट प्रति घंटा है। इसलिए भंडारण के बिना चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हो सकती।'' सिंह ने कहा कि बिजली आपूर्ति को वितरित करने के लिए आवश्यक स्थायी न्यूनतम आधार की जरुरत होती है और वह कोयला, गैस आदि से पूरी होगा। बिजली आपूर्ति में कोयले को चरणबद्ध तरीके से हटाने के बारे में उन्होंने सुझाव दिया कि यह 14 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की लागत से नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, ''हम कोयले और गैस (ऊर्जा स्रोत) को चरणबद्ध तरीके से हटा देंगे। ऐसा होगा।'' उल्लेखनीय है कि भारत ने 2030 तक पांच लाख मेगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।




# अमेजन 2023 तक छंटनी जारी रखेगा

**हमारे लिए यह सबसे कठिन फैसला स्टोर और पीएक्सटी ऑर्गेनाइजेशंस में छंटनी होगी : सीईओ एंडी**

नई दिल्ली।

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने खुलासा किया है कि कंपनी 2023 तक कर्मचारियों को निकालना जारी रखेगी। अमेजन ने छंटनी की प्रोसेस इस हफ्ते की शुरुआत में शुरू की थी, तब कंपनी ने अनाउंसमेंट की थी कि वे डिवाइसेस और बुक्स बिजनेस से कर्मचारियों को निकाल रहे हैं। अब जस्सी ने बताया कि आगे और भी ज्यादा छंटनी होगी, क्योंकि अमेजन की एनुअल प्लानिंग प्रोसेस अगले साल तक की है। अमेजन के लीडर्स कई लेवलों पर रोल डिडक्शन शुरू करने के लिए वर्कफोर्स को एनालाइज करेंगे। एंडी ने कहा, कंपनी के लीडर्स अपनी टीमों के साथ काम कर रहे हैं और अपने वर्कफोर्स के लेवल को देख रहे हैं। इसके अलावा कंपनी अपने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट, कस्टमर्स के लिए क्या मायने रखता है और बिजनेस की लॉन्ग-टर्म हेल्थ के लिए क्या सही, इन सभी चीजों को प्राथमिकता दे रही है। इस साल का रिव्यू इस फैक्ट की वजह से ज्यादा कठिन है कि इकोनॉमी एक चैलेंजिंग स्थिति में बनी हुई है और हमने पिछले कई सालों में तेजी से हायरिंग की है। इसके अलावा जस्सी ने दावा किया कि कंपनी के छंटनी के फैसले से प्रभावित कर्मचारियों को 2023 की शुरुआत में सूचित किया जाएगा।



उन्होंने कहा, छंटनी के फैसलों को 2023 की शुरुआत में प्रभावित कर्मचारियों और ऑर्गेनाइजेशन के साथ शेयर किया जाएगा। हमने अभी तक यह निष्कर्ष नहीं निकाला है कि छंटनी में कितने अन्य रोल्स प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हमारे स्टोर और पीएक्सटी ऑर्गेनाइजेशंस में छंटनी होगी। लेकिन हर एक लीडर अपनी-अपनी टीमों से बात करेंगे, जब हमारे पास इसे लेकर डिटेल्स होंगी। जैसा कि इस हफ्ते हुआ है, हम छंटनी से प्रभावित कर्मचारियों के साथ सीधे बातचीत करने को प्राथमिकता देंगे, पब्लिक और इंटरनल अनाउंसमेंट करने से पहले।

पिछले कुछ सालों में हमने कई कठिन फैसले लिए : जस्सी ने कहा कि सीईओ का पद संभालने के बाद से यह उनका सबसे कठिन फैसला है। उन्होंने कहा, मैं इस भूमिका में अब लगभग डेढ़ साल से हूं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह उस समय का सबसे कठिन फैसला है। पिछले कुछ सालों में हमने कई कठिन फैसले लिए हैं, विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान।

# रिलायंस जियो ने नोएडा, गाजियाबाद, गुरूग्राम फरीदबाद में 5जी सेवाएं शुरू की

नई दिल्ली।

रिलायंस जियो ने दिल्ली के बाद गुरुग्राम, नोएडा, गाजियबाद और फरीदाबाद में अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर दी है। दूरसंचार कंपनी ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी और दावा किया कि इन इलाकों में 5जी सेवाएं बहाल करने वाली वह पहली कंपनी है। रिलायंस जियो दिल्ली के अलावा मुंबई, कोलकत्ता, वाराणसी, चेन्नई, हैदराबाद, बैंग्लुरु और नाथद्वारा में अपनी सेवाएं पहले ही शुरू कर चुकी है। इस सूची में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली सबसे नया है। विज्ञप्ति के अनुसार, कंपनी के नेटवर्क सिगनल दिल्ली-एनसीआर के सभी महत्वपूर्ण इलाकों और क्षेत्रों में मिलने लगेंगे।

ज्यादतर आवासीय क्षेत्रों, अस्पतालों, स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सरकारी इमारतों, मॉल, प्रमुख बाजारों, टेक पार्क और मेट्रो स्टेशनों पर जियो 5जी नेटवर्क उपलब्ध होगा। दिल्ली में जियो के ग्राहक पहले ही जियो ट्रू5जी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। एनसीआर क्षेत्र में 5जी सेवाएं शुरू करने के बाद ग्राहकों को जियो वेलकम ऑफर का आमंत्रण मिलना शुरु हो जाएगा। इस पेशकश के तहत ग्राहकों को असीमित 5जी डेटा और एक जीबीपीएस तक की स्पीड मिलेगी। इसके लिए ग्राहकों को कोई कीमत नही चुकानी होगी।

# असफलता पर हताश ना होकर जो कमी रह गई उसके लिए करें भरसक प्रयास : मोहनलाल दादरवाल

● न्यू मॉडर्न सी.सै. स्कूल में सम्मान समारोह हुआ आयोजित | ● रग्बी फुटबाल में नागौर में प्रथम रही टीम

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के आसपुरा रोड स्थित न्यू मॉडर्न एज्यूकेशन ग्रुप द्वारा संचालित न्यू मॉडर्न सी. सै. स्कूल में शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित कर संस्थापक मोहनलाल दादरवाल व संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल ने 66वीं जिला स्तरीय रग्बी फुटबाल में छात्र 17 आयु वर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नागौर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्य मदनलाल ने बताया कि छात्र 17 आयु वर्ग में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं छात्र 19 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए अपनी सफलता का लोहा मनवाया तथा संस्थान के चार-पाँच होनहार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ। संस्थापक मोहनलाल दादरवाल बताया कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू है, इसलिए असफलता पर कभी भी हताश नहीं होना चाहिए और जो कमी रह गई है उसके लिए भरसक प्रयास करते रहना चाहिए। संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल ने जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि संस्थान के छात्र शिक्षा के साथ -साथ खेल जगत में भी अग्रणी रहकर संस्थान व अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे है, ये संस्थान के लिए गौरव की बात है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर रग्बी कोच हरीश जाजड़ा, धर्मेन्द्र, रमेश कुमावत, टीम प्रभारी बलजीत सिंह, प्रबंधक संदस्य मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, राधेश्याम, सुरेश दादरवाल, बाबुलाल, आशीष, कृष्ण गोपाल, प्रकाशचन्द गुर्जर, खुश्बू जांगीड़, रचना माहेश्वरी, कविता शर्मा, शोभित शर्मा, हरीश कुमावत, विनोद कुमार एवं समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

# सर्विस सेंटर में फटा एयर टैंक, छत-पंखा व फर्श टूटकर बिखरे

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ तहसील के समीप स्थित मंगलपुरा गांव की बस स्टैंड पर स्थित एक ऑटो रिपेयरिंग की दुकान पर टैंक में हवा का प्रेशर अधिक हो जाने से धमाके के साथ फट गया। टैंक फटने के साथ ही उसके कई टुकड़े होकर हाईवे पर जा गिरे। धमाका इतना तेज था कि टैंक के परखच्चे उड़ गए। विनायक ऑटो रिपेयरिंग व सर्विस सेंटर मंगलपुरा संचालक दिनेश प्रजापत व कैलाश प्रजापत ने बताया कि वह ट्रैक्टर की रिपेयरिंग के काम में लगे हुए थे इस दौरान टैंक में हवा भरने का स्विच ऑन कर बन्द करना भूल गए इतने में टैंक में हवा का प्रेशर अधिक होने से वह जोरदार धमाके के साथ फट गया और उसके टुकड़े हाईवे सड़क पर काफी दूर तक जा गिरे। धमाका इतना तेज था कि टैंक के पास लगा लोहे का पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया व फर्श भी जर्जर हो गई । दुकान के बाहर लगा हुआ पंखा व छज्जा टूट गए। धमाके की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्रित हो गए। गनीमत यह रही कि मिस्त्री ट्रेक्टर के पीछे होने से जानमाल का संभावित बड़ा हादसा टल गया।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने माहेश्वरी परिवार के सौजन्य से किया नेक कार्य



## जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की इबादत है

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने जयपुर निवासी बालकिशन सीमा माहेश्वरी के सौजन्य से गांव हरिपुरा में खुले आसमान के नीचे रह रहे गांववासियों को सर्दी से बचाव हेतु रजाइयां वितरित की। संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल ने हरिपुरा पहुंचकर लोगों को रजाइयां वितरित की एवं स्वच्छता का महत्व बताते हुए गांव को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। इस अवसर गांववासियों ने माहेश्वरी परिवार एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट को दुआएं दी तथा समाजसेवी घीसालाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

लॉयन राम काबरा ने बताया जरूरतमंदों की सेवा को ही ईश्वर की इबादत मानते हुए क्लब द्वारा भामाशाहों के सहयोग से सेवा कार्य निरंतर किये जा रहे है जिसमें जयपुर के माहेश्वरी परिवार का सहयोग भी क्लब को समय समय पर मिल रहा है जो अनुकरणीय है।

# वृद्धा का बोरला तोड़ ले भागे उच्चके

## पुलिस ने की नाकाबंदी

श्यामसुंदर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी में शुक्रवार को प्रात: वृद्धा के साथ लूट का वारदात का मामला सामने आया है। कस्बे में देवनारायण मंदिर के पास रहने वाली वृद्धा आचू देवी पत्नी बाघाराम गुर्जर (65) ने बताया कि प्रतिदिन की भांति सुबह साढ़े दस बजे अपनी पोत्री बाली पुत्री गोपीराम (15) के साथ छः, सात बकरियों को चराने के लिए लेकर कच्चे रास्ते से रेलवे-स्टेशन मार्ग पर जा रही थी। इस दौरान दो मोटर साइकिल पर सवार होकर चार नकाबपोश युवक आये। पहले आगे को गये। फिर घुमकर वापस आये। बाईक पर सवार चारो बदमाश युवक कुछ दूरी पर रुक गए।उनसे दो युवक पैदल चलकर वृद्धा के पास आये। एक ने वृद्धा पिछे से पकड़ लिया। एक ने लोहे ओजार से बोरला की डोरी को काट कर आधा तोला सोने का बोरला को लेकर बाईक पर सवार हो फरार हो गए।पर गले में पहना मांदलिया उनकी नजर से बच गया। साथ गयी पोत्री बाली भी अचानक हुई इस वारदात से घबरा गई व डरकर दूर भाग गयी पर बालिका ने साहस दिखाते तुरंत 10.55 मिनट पर अपने मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर परिजन तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे।घटना की एक गवाह पोत्री बाली ने बताया कि बोरला तोड़ने वाले युवको ने काला कोट व नीले रंग का शर्ट पहन रखा था। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणो में रोष व्याप्त हो गया ।ग्रामीणो ने बताया कि गुर्जर समाज के पुरुष, महिलाए, युवक, लड़कियां आदि प्रतिदिन पशुओ को चराने के लिए आसपास के जंगल क्षेत्र जाती है। आये दिन किसी न किसी क्षेत्र ऐसी घटनाए होती रहती है। जो पुलिस प्रशासन लापरवाह कार्यशैली को दर्शा रही है। घटना की सूचना पर नावां थाना प्रभारी धर्मेश दायमा जाप्ते के साथ मौका पर पहुंचे। घटना स्थल का जायजा लिया। साथ ही विभिन्न मार्गो पर नाकाबंदी भी की। वही हाईवे पर स्थित होटल के बाहर लगे कैमरो का सीसीटीवी फुटेज भी जगह जगह खंगाले जा रहे। पर अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। घटना की सूचना मिलने पर वृद्धा के घर देखने व हाल चाल पूछने की भीड़ जमा हो गई।

# एलबीएस साइंस स्कूल में खिलाड़ियों का किया सम्मान



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के दीपपुरा रोड पर संचालित एलबीएस साइंस स्कूल में राजकीय जवाहर विद्यालय में सम्पन्न हुए 66वें जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में परचम लहराने वाली 19 वर्षीय छात्रा वर्ग की टीम के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। संस्था निदेशक रामदेव खीचड़ ने बताया कि शहर के राजकीय जवाहर उ. मा. विद्यालय में 66वीं जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 17 नवम्बर के मध्य सम्पन्न हुआ, जिसमें एलबीएस स्कूल की 19 वर्षीय छात्रा वर्ग टीम ने प्रथम स्थान तथा 19 वर्षीय छात्र वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। इस मौके पर संस्था निदेशक ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के बढ़ते महत्व को लेकर विद्यार्थियों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सीएम पंवार, अमानाराम गुर्जर, बनवारीलाल, पिन्टू किरड़ोलिया, बिसनाराम, मामराज यादव, सुनिल जागिड़, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, विजय देवड़ा, किशनलाल, हितेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, चेनाराम, बलवीर बुगालिया, कोच हरिश झाझड़ा, धर्मेन्द्र मुवाल, रमेश कुमावत सहित सम्पूर्ण स्टॉफ मौजूद रहा।

# रताऊ के दो खिलाड़ियों का कब्बड्डी में राज्य स्तर पर चयन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** 66वीं जिला स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में कृष्णा स्कूल रताऊ के दो विद्यार्थियों का अंतिम सात खिलाड़ियों का राज्य स्तर चयन हुआ है। कृष्णा स्कूल रताऊ के प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल कासनियां ने बताया कि 19 वर्ष में रामावतार बिडियासर और 17 वर्ष में किशोर बिडियासर का चयन अंतिम रुप से हो गया है जो कि 20 नवम्बर से गंगानगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दोनों ही खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर बहुत ही उम्दा खेल का प्रदर्शन किया था व चयनकर्ताओं की पहली पसंद बन गए, जिसके चलते उन्होंने राज्यस्तर पर लाडनूँ का नाम रोशन किया है।

# स्वर्गीय इंदिरा गांधी का आज मनाएंगे जन्मदिवस

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्मदिवस स्थानीय नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, नगर परिषद के पार्षद, कांग्रेस कमेटी के समस्त अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर्षोल्लासपूर्वक मनाएंगे। नगर अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को प्रात: 9:15 स्थानीय कनोई पार्क में जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि का कार्यक्रम रखा गया है।

# डेगाना से लापता छात्र चूरू में मिला

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना से स्कूल जाने को बोलकर घर से निकला छात्र शुक्रवार को चूरू रेलवे स्टेशन पर मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजू बिजारणिया निवासी तंवरा ने बताया की उसका भतिजा जो बुधवार को स्कूल जाने के लिए घर निकला था, लेकिन दो दिन बाद भी वापस नहीं लौटा। इस पर पुलिस ने रिर्पोट लेकर छात्र की खोजबीन करने के लिए सीसीटीवी फुटेज उठाये तथा सोशल मीडिया में भी समाचार डालकर तलाशी के प्रयास किये। इस दौरान रेलवे स्टेशन चूरू पर लापता छात्र नंदकिशोर पुत्र लालाराम के होने की सूचना जीआरपी पुलिस द्वारा मिली। जिस पर एचसी ओमप्रकाश डेगाना ने चूरू जाकर छात्र को दस्तयाब किया।

# जिला स्तरीय स्वर्णकार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** स्वर्णकार समाज के कन्हैयालाल स्वर्णकार ने बताया कि डेगाना गांव रोड पर स्थिति हरि सिंह पैलेस मैं रविवार को जिला स्तरीय स्वर्णकार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। अध्यक्ष कालूरम रोड़ा ने बताया कि नागौर जिला मेढ क्षत्रीय स्वर्णकार समाज संस्था के तत्वाधान में एवं समस्त मौसुण परिवार डेगाना गांव वालों के सौजन्य से कल रविवार को सुबह 10 बजे जिला स्तरीय स्वर्णकार समाज प्रतिभा सम्मान समारोह एवं संस्था की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। अत: संस्था के सभी संरक्षकों जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण न्याय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मयकार्यकारणी शैक्षिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मय कार्यकारणी सभी तहसील अध्यक्ष मय कार्यकारणी जिला युवा अध्यक्ष मय कार्यकारणी जिला महिला मंडल अध्यक्ष मयकार्यकारणी महिला तहसील अध्यक्ष महिला मंडल अध्यक्ष मयकार्यकारणी शहर अध्यक्ष नवयुवक मंडल अध्यक्ष एवं संस्था के सभी सदस्य गणो की उपस्थित सादर प्रार्थनीय एवं अनिवार्य है।

# मयूर पब्लिक स्कूल के छात्र मोहित मण्डा का प्रदेश स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में हुआ चयन



## जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में मोहित मंडा ने जीता स्वर्ण पदक

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के मयूर पब्लिक स्कूल के छात्र मोहित मण्डा पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश मण्डा का 17 वर्षीय रोलर स्केटिंग (1000 मीटर) में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। संस्था निदेशक डॉ. अंकुर जैन ने बताया कि 66 वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग की 1000 मीटर प्रतिस्पर्धा में छात्र ने जिला स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी को लेकर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिवार की ओर से छात्र मोहित मण्डा का स्वागत किया गया। संस्था प्रधानाचार्य बलदेव राम धोलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का खेल गतिविधियों में सक्रिय होना भी अत्यावश्यक है। छात्र मोहित मण्डा के राज्य स्तर में चयन होते के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य अशोक भाटी, संयोजक मेम ऐन मेरी, पवन कुमार वैष्णव, राजीव रुनवाल, विनय चौधरी, रवि वैष्णव एवं समस्त विद्यालय कार्मिक उपस्थित रहे।

# डेगाना में 21 को होगा आचार्य महाश्रमण का मंगल प्रवेश

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** जैनाचार्य मुनि आचार्य महाश्रमण जी अपनी धवल सेना के साथ सोमवार 21 नवबंर को डेगाना मुख्यालय में मंगल प्रवेश करेंगे। अध्यक्ष पुखराज चौरडिया ने बताया की आचार्य श्री सोमवार को सुबह 9 बजे विशाल संघ के साथ बाल हनुमान मंदिर, अस्पताल चौराहा, सदर बाजार, वेंकटेश मंदिर से होते हुये जैन भवन पहुंचेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्राा के तहत डेगाना आ रहै आचार्य महाश्रमण जी का जैन भवन मे प्रवचन होगा । आचार्य श्री के डेगाना आगमन पर भव्य स्वागत को लेकर जैन समाज द्वारा तैयारियां की जा रही है। जिसमे शहर को सजाने के अलावा धवल सैना के स्वागत मे जगह जगह तौरणद्वार बनाये जा रहै है। संतों को शहर मे विभिन्न जगहों पर स्वागत किया जायेगा। इसे लेकर जैन ससमाज युवाओं के द्वारा घर घर जाकर न्यौता दिया जा रहा है।

# भारतीय संस्कृति व संस्कार विस्मरण के दुष्परिणाम भुगतेगी भावी पीढ़ी : सैनी

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत इकाई कुचामनसिटी द्वारा स्टेशन रोड स्थित एच.पी. काबरा गर्ल्स कॉलेज में द्वितीय वर्ष का रिजल्ट शत प्रतिशत रहने पर महाविद्यालय की प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं क्रमश: लक्ष्मी, अन्जलि व मनिशा का सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर सैनी ने अपने उद्बोधन में बताया कि गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी रामसुखदास महाराज की प्रेरणा से 26 वर्ष पूर्व स्थापित हुई थी। समिति भ्रूण हत्या रोकने व भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के प्रति जागरूकता के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में जो दिल्ली में बहन श्रद्धा वाल्कर की निर्दयतापूर्वक हत्या हुई है इसमें कहीं न कहीं हम जो अपने भारतीय संस्कृति व संस्कारों को भूल रहे हैं उसी का यह दुष्परिणाम है। आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कृति व संस्कारों के प्रति सजग नहीं किया तो उसके भयंकर दुष्परिणाम हमें भुगतने होंगे।

सहसचिव अनंत तिवाड़ी ने छात्राओं को प्रात:काल माता-पिता के चरण स्पर्श हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर श्यामसुंदर सैनी, अनंत तिवाड़ी, सत्यनारायण मोर, राजू राम नेहरा, महाविद्यालय प्राचार्य दीपक परासर, व्याख्याता हिम्मत सिंह, महेंद्र सैनी, दिव्या कुमावत, सत्येंद्र, प्रेरणा सोनी व महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित थी।

# डॉ. पारीक का विदाई समारोह हुआ आयोजित

अबूबकर बल्खी




**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. भरत पारीक राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेडी का नीट पीजी 22 द्वारा एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर में एमडी बायोकेमिस्ट्री में चयन होने के अवसर पर लेड़ी पीएचसी परिसर में विदाई समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मूलचंद चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि मोती सिंह थालोड़, स्थानीय प्रधानाचार्य जुगल किशोर शर्मा, भेरुदान पारीक सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। गौरतलब रहे कि डॉ. पारीक ने अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान कोविड वैक्सीनेशन व अस्पताल का कुशल प्रबंधन बनाये रखा। विशेष रूप से अस्पतालों के लिए सरकार के महत्वकांक्षी योजनाएं कायाकल्प में नागौर जिले में प्रथम एवं राज्य स्तर पर छठवां स्थान प्राप्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेडी में 3 बेड एवं 6 बेड के दो वार्ड का निर्माण कार्य संपन्न करवाया। कोविड-19 वैक्सीनेशन के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए अपनी महती भूमिका निभाई एवं प्रथम व द्वितीय डोज के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना विशेष योगदान दिया। क्षेत्र के भामाशाहो को प्रेरित कर अस्पताल परिसर में चिकित्सकीय उपकरण, फर्नीचर, लेबर रूम हेतु एसी, फ्रिज डिजिटल वॉल क्लॉक आदि का डोनेशन करवाने में प्रेरक की भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ संदीप मारोठिया, प्रेम प्रजापत, हनुमान, प्रभु दयाल, सेक्टर एएनएम मौजूद रहे।

# चित्तावा पुलिस ने 3 घंटे में ही अपहृत युवक को छुड़ाया

## ग्राम कालोली चावंडिया से हुआ था युवक का अपहरण



### तीन नामजद आरोपी गिरफ्तार, जीप भी बरामद

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम काकोली चावण्डिया से युवक का अपहरण कर ले जाने के मामले में चित्तावा पुलिस ने शानदार कार्यवाही को अंजाम देते हुए आरोपियों को पकड़ लिया है वहीं अपहृत युवक को भी सकुशल छुड़ा लिया। एसपी राममूर्ति जोशी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेशाराम व वृत्ताधिकारी सर्जीव कटेवा के सुपरविजन में थानाधिकारी चित्तावा हनुमान जाजून्दा व टीम ने कार्यवाही करते हुए मात्र 3 घंटे में ही कार्यवाही करते हुए अपहृत युवक को छुड़ाकर तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात्रि में 8 बजे पीड़ित युवक नेमीचंद अपने घर पर फर्नीचर का काम कर रहा था, तब अचानक एक थार जीप में 5-7 लोग सवार होकर आए तथा युवक को जीप मे डालकर गांव चिडासरा जंगल की तरफ ले गये, जहां उसके साथ मारपीट की।

#### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने अपहृत नेमीचन्द की तलाश कर अपहरण के प्रकरण में मात्र तीन घंटे में त्वरित कार्यवाही करते हुवे 3 नामजद आरोपियों गोपालराम पुत्र रामेश्वर लाल जाति जाट उम्र 53 साल निवासी गोठडा तगेलान थाना सदर सीकर, पवन मेहरा पुत्र पुसाराम जाति मेघवाल उम्र 26 साल निवासी वार्ड नम्बर 26 चित्तावा व महावीर प्रसाद पुत्र रामेश्वर लाल जाति जाट उम्र 55 साल निवासी गोठड़ा तगेलान थाना सदर सीकर को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया।

# एक ही रात में 5 ट्रांसपोर्ट कंपनियों के ताले तोड़ सामान चुराने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## आरोपी ने 15 अक्टूबर की रात को फरड़ोद गांव में ट्रांसपोर्ट कंपिनयों के ताले तोड़ कम्प्यूटर, इर्न्वटर, बैटरी, प्रिंटर सहित अनेक उपकरण चुराए थे

सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** रोल थानान्तर्गत फरड़ोद गांव में 15 अक्टूबर की रात एक साथ 5 ट्रांसपोर्ट कंपनियों के ताले तोड उपकरण चुराने के प्रकरण का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस प्रकरण में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा कई उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 28 अक्टूबर को ऊंचाईडा निवासी हरेन्द्र पुत्र इन्द्राराम जाट ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह उज्जवल रिसोर्स ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता है।

उसके यहां 15 अक्टूबर की रात को कंपनी की दुकान के ताले तोड़ अज्ञात चोर कंप्यूटर, प्रिंटर, इनर्वटर व दो बैटरी चोरी कर ले गया। इसी आशय का एक मुकदमा फरडोद के मातासुख तिराया स्थित पांच ट्रांसपोर्ट कंपनियों के ताले तोड़ने के भी दर्ज हुए। एक ही रात में पांच ट्रांसपोर्ट कंपनियों को निशाना बनाए जाने के कारण पुलिस इस चोरी की बड़ी वारदात को लेकर परेशानी में आ गई। मामला संज्ञान में आते ही नागौर एसपी राममूर्ति जोशी ने डीडवाना एएसपी विमलसिंह नेहरा व जायल डीएसपी सुनील कुमार झाझड़िया के सुपरविजन में रोल थानाधिकारी रामनिवास के नेतत्व में एक टीम का गठन कर तुरंत खुलासा करने के निर्देश दिए।

### तकनीकी अनुसंधान से हाथ आया आरोपी

मुकदमे दर्ज होते ही रोल थानाधिकारी रामनिवास व उनकी टीम सक्रिय हुई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आसूचना तंत्र को मजबूती से सूचनाओं में लगाया । तदोपरांत इस टीम ने तकनीकी अनुसंधान के बाद चोर की पहचान की और दस्तयाब किया जाकर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में जुर्म प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस ने फरडोद निवासी दिनेश पुत्र हरीराम जाट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक सीपीयू, चार मॉनिटर कंप्यूटर, चार प्रिंटर, एक पानी फिल्टर करने का आरओ प्लांट, तीन बड़ी बैटरियां, व चार ईनवर्टर आदि जब्त किए। इनकी कीमत 2 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है।



# महिला ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या



## ईशरनावड़ा गांव की घटना

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर पुलिस थाना क्षेत्र के ईशवरनावड़ा गांव में महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद थाना अधिकारी अशोक बिशू मय जाब्ता मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

वहीं मृतक महिला के शव को पुलिस ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में लाकर पीहर पक्ष को सूचना दी। पीहर पक्ष के लोग अस्पताल परिसर में पहुंचकर एक बार विरोध प्रदर्शन किया। करीब 7 घंटे के बाद पुलिस ने मेडिकल बोर्ड बैठाकर मृतका पप्पू कंवर उम्र 40 साल का पोस्टमार्टम करवाया। थाना अधिकारी अशोक बिशू ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सुबह सूचना मिलने पर ईशरनावड़ा गांव में पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतका पप्पू कंवर ने कमरे में पंखे के हूक से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की थी।

थाना अधिकारी ने पीहर पक्ष के लोगों से समझाइश करके मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड बैठाकर पोस्टमार्टम करवाया। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को अंतिम संस्कार के लिए ससुराल पक्ष को सुपुर्द किया। उधर, खींवसर थाने मेंमृतका के पति मदन सिंह ने प्रेम सिंह,भवानी सिंह सहित 6 जनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए दो जने को डिटेन किया है। फिलहाल पुलिस पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू करदी है।

# शहरी रोजगार गारंटी योजना से बदली श्मशान घाट की सूरत



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की बदौलत नगर पालिका मूण्डवा मुख्यालय स्थित प्रजापत समाज के श्मशान घाट की तस्वीर बदल गई है। यहां श्रमिकों ने कंटीली झाडियों को काटने के साथ सफाई के कार्य को अंजाम दिया। इन श्रमिकों ने श्मशान घाट की सफाई करते हुए इसके सौन्दर्य में चार चांद लगा दिए है। यहां स्थित प्रजापत समाज के श्मशान घाट की स्थिति काफी दयनीय थी। जगह-जगह बबूल की झाडियां दिखाई दे रही थी। इस पर श्रमिकों ने झाडियों की कटाई करने के साथ सफाई करते हुए श्मशान घाट की तस्वीर बदल दी। शहरी क्षेत्र मननरेगा के तहत शुक्रवार को प्रजापत समाज के शमशान क्या चारों तरफ क्षेत्र की साफ सफाई की गई जिसमें रोजगार सहायक राकेश व कालू खान चक्की वाले ने बताया प्रत्येक मेट के पास 20 लोगों की टीम है तीन टीमें यहां कार्य हेतु लगाई गई रामेश्वर बालाराम नितेश काली आदि लोगों ने कार्य किया कालू जी ने बताया आगामी दो-तीन दिन में आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बना देंगे।

# ओबीसी आरक्षण विसंगतियों का समाधान निकालें सरकार : किलक



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को कस्बे के एकदिवसीय दौरे पर आए पूर्व सहकारिता मंत्री अजय किलक ने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। यहाँ आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री किलक ने कहा कि 2018 के डीओपी के सर्कुलर और भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में गलत दृष्टि के कारण 21 फीसदी आरक्षण ओबीसी को होने के बावजूद भी शून्य पद मिल रहा हैं। पिछली भर्तियों के नतीजों में यह पता चला है। ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। महिला आरक्षण की तर्ज पर भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण की व्यवस्था हो और सही रोस्टर के आधार पर नियुक्तियां दी जाएं। 2018 के बाद जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाए। सरकार को ओबीसी आरक्षण विसंगतियां दूर करने का समाधान निकालना होगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि जब तक इस वर्ग का हक और अधिकार नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान जिला परिषद सदस्य मनीष चौधरी, पूर्व थानाधिकारी हाजी शकूर मोहम्मद, आशाराम लेगा, अमीरदीन मुल्तानी, भाउराम बिंदा, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपीराम मुंडेल, मईनुदीन मुल्तानी, दौलत सैनी, विकास सोनी, धर्माराम मुंडेल, मनीष शर्मा, निजी सचिव रूपाराम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एलियन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह हुआ आयोजित

## 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए आयोजित हुआ सम्मान समारोह

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी कुचामन की एलियन पब्लिक स्कूल में 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में सीमा कुमावत, नीरज कुमावत व अनामिका कुमावत का राज्य स्तर हेतु चयन हुआ है। शाला की छात्र टीम संपूर्ण जिले में द्वितीय स्थान पर तथा छात्रा टीम तृतीय स्थान पर रही। सम्मान कार्यक्रम में दोनो टीम के खिलाड़ियों को तिलक लगाकर माला पहनाकर सम्मान किया गया। व्याख्याता चंद्रकला नोगिया ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। खेल के माध्यम से हम अनुशासन तथा आपसी सहयोग की भावना सीख सकते है। एडवोकेट अनिल कुमावत ने कहा कि हार-जीत तक पहुंचने का एक जरिया है। आरती सर्वा ने कहा कि जीवन में माता-पिता, गुरुजनों का सदेव सम्मान करते हुए उनके आशीर्वाद से जीवन में कीर्तिमान स्थापित करते हुए आगे से आगे बढ़ते रहना चाहिए।



**ये रहे मौजूद :** अभिभावकों में लेखराज कुमावत, एडवोकेट अनिल कुमावत, गौरीशंकर कुमावत, चेनाराम कुमावत, व्याख्याता चंद्रकला नोगिया पंवार, आरती सर्वा, कांता बलारा, प्रियंका सायत, सुमन कुमावत, शाला निदेशक सी.आर. कुमावत, प्रिंसिपल रेखा मिश्रा, एकेडमिक हेड अनिल शर्मा तथा स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विशंभर शर्मा ने किया।

# कुलदेवी आराध्या महालक्ष्मी जनआशीर्वाद रथयात्रा आज पहुंचेगी कुचामन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अग्रवाल समाज की कुलदेवी महालक्ष्मी मां की जन आशीर्वाद रथयात्रा अग्रोहा से भारत भ्रमण पर है जो की शनिवार को कुचामनसिटी पहुंचेगी। अग्रवाल समाज अग्रोहा हिसार के नेतृत्व में निकाली जा रही रथ यात्रा भारत के प्रत्येक गांव एवम शहरो से होकर गुजरेगी। इस रथयात्रा का कुचामनसिटी में भव्य स्वागत होगा। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सांभरवाला ने बताया की इस रथयात्रा का उद्देश्य प्रत्येक अग्रवाल परिवार द्वारा रथयात्रा में विराजित कुलदेवी माता लक्ष्मी का पूजन हो और आशीर्वाद मिले। अग्रवाल समाज समिति सचिव मुरली स्नेही ने बताया की कुलदेवी माता महालक्ष्मी की रथयात्रा डीडवाना होते हुए कुचामन सांय 5.15 बजे पहुंचेगी। इस दौरान अग्रबंधू विशाल वाहन रैली एवम डीजे के साथ भव्य स्वागत करते हुए डीडवाना रोड बायपास से शहर के पुराने बस स्टैंड तक रथयात्रा को लेकर आएंगे। इस दौरान पुराने बस स्टैंड पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी एवम दीपोत्सव के साथ महाआरती की जाएगी। अग्रवाल नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष शिवम गोयल ने बताया की कल 20 नवंबर को प्रात: 8.15 बजे रथयात्रा कुचामन के सब्जी मंडी स्थित अग्रवाल भवन से रवाना होकर कुचामन शहर के पलटन गेट, सदर बाजार, धानमंडी, घाटीकुआ, नया शहर, सीकर बस स्टैंड, सीकर रोड, भोमराजका की गली, न्यू कॉलोनी से होते पारीक कॉलोनी, बालाजी विहार से मिठडी की तरफ प्रस्थान करेगी। अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष आशीष बुडसूवाला ने बताया की नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह अग्रवाल परिवार माता लक्ष्मी जी का पूजन करेंगे।

# प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का किया अभिनन्दन



## मूण्डवा की श्री वागीश्वरी विद्या मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** श्री वागीश्वरी विद्या मंदिर में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन होने वाले विद्यार्थी जितेंद्र रामावत व मनीषा मुंडेल का मिठाई खिलाकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। टीम प्रभारी हुक्मीचंद सरगरा ने बताया कि 13 से 16 नवंबर तक जिला स्तरीय टूर्नामेंट जसनगर में संपन्न हुए थे, जहां पर श्री वागीश्वरी विद्या मंदिर की छात्र व छात्राओं की दोनों टीमों ने भाग लिया तथा अपने शानदार खेल की बदौलत तीसरे राउंड तक पहुंची, जिसमें बहतरीन खेल दिखाने पर छात्र वर्ग में जितेंद्र रामावत व छात्रा वर्ग में मनीषा मुंडेल का राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

विद्यालय प्रधानाचार्य दयानंद गेपाला ने खेल में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों व चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और बताया कि इस बार विभिन्न खेलों में विद्यालय के करीब 104 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें 13 पदक प्राप्त किए हैं। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक धर्मेंद्र रांकावत ,गणपत प्रजापत, श्रवण खुड़ीवाल ,सुनील जांगिड़ ,सुरेश राव दामोदर सांमरिया, सुभाष, सत्यनारायण कासनिया, पपीता, कविता मुंडेल सरिता चंगल आदि उपस्थित रहे।

# अपनी मांगों को लेकर पटवारसंघ डेगाना ने सौंपा ज्ञापन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** पटवार संघ डेगाना की ओर से शुक्रवार को अपनी 7 सूत्रिय मांगों को लेकर उपखण्ड अधिकारी डेगाना को ज्ञापन सैंपा। इसमें बताया की सरकार ओर पटवार संघ के साथ पिछली साल हुये समझोते की शिघ्र क्रियान्विति कराने की मांग की। साथ ही आन्दोलन अवधि मे हुये मुकदमें वापस लेने कैडर निर्धारण कर नये पद सर्जन करने, स्थानन्तरण नीति बनाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया । जिसमे पटवार संघ डेगाना व सांजू के पटवारी रामस्वरूप भाम्भू, रामकुवांर विश्नोई,चेनाराम सोहू, तुलसीराम खिलेरी, महेन्द्रसिंह, युद्ववीर सिंह, दानाराम जुणावा, पांचाराम, हनुमानराम, मंगाराम, गोविन्द सिंह सहित पटवारियों ने भाग लिया।

# जैन स्कूल में किया विजेताओं का सम्मान

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री जे.डी. जैन इंग्लिश मीडियम सैकडरी स्कूल प्रागंण में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाले विद्यालय की प्रतिभाओं का स्वागत किया गया एवं ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों केशव धनवानी, वंशिक अग्रवाल, कनिष्क अग्रवाल, अमन कुमावत, आयुष कुमार स्वामी, कुलदीप स्वामी व नितेश धनवानी को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कोच कमल कुमार गोयर, शारीरिक शिक्षक महेन्द्र महिया एवं अभिभावकों का सम्मान करते हुए संस्था के कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष कमल कुमार पहाड़िया, सचिव संतोष कुमार पहाड़िया, लालचन्द जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़िया, विनोद कुमार झांझरी, अशोक कुमार बज, अजित कुमार पहाड़िया, अशोक कुमार झांझरी, अमित कुमार पहाड़िया एवं प्रधानाघ्यापिका श्रीमती शशि सोनी ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रवणलाल अग्रवाल, दिनेश धनवानी, विजय पारीक, गोलू गौड, पप्पूलाल स्वामी, कैलाशचन्द स्वामी, घनश्याम कुमावत आदि सम्मिलत हुए। संस्था अध्यक्ष कमल कुमार पहाड़िया ने प्रधानाध्यापिका व सभी अध्यापकों को माला पहनाकर सम्मानित किया व इस सफलता हेतु शुभकामनाएँ देकर धन्यवाद दिया।



# ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग, नर्सिंगकर्मी करेंगे प्रदर्शन

महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार सुबह शहर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश भाकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि गुरुवार को राजकीय चिकित्सालय परबतसर में ड्यूटी के दौरान नर्सिंग ऑफिसर के साथ मारपीट और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गयी, जिससे जिले के सभी नर्सिंग कर्मियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों से अवगत करवाकर नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की है साथी कार्यवाही नहीं होने पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com